**अभियंता प्रमुख–सह–अपर–आयुक्त**
**–सह–विशेष सचिव का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**बिहार, पटना**

पत्रांकः– मु०अ०(नि०)राज्य योजना(नाबार्ड)–35/2025-2922 (अनु०) पटना, दिनांक 13/06/2025

प्रेषक,

ई० भगवत राम,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर–आयुक्त–सह–विशेष सचिव ।

सेवा में,

मुख्य अभियंता–6
ग्रामीण कार्य विभाग,
दरभंगा प्रक्षेत्र।

विषयः– राज्य योजना (नाबार्ड) अंतर्गत शिवहर जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, शिवहर के अधीन "Construction of Approach Road of Sheohar Engineering Collage" (Tender ID- 139012) कार्य के वित्तीय बीड के निष्पादन के संबंध में।

प्रसंगः– अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सीतामढ़ी का पत्रांक 554(अनु०) दिनांक 05.06.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य योजना (नाबार्ड) अंतर्गत शिवहर जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, शिवहर के अधीन "Construction of Approach Road of Sheohar Engineering Collage" (Tender ID- 139012) कार्य के वित्तीय बीड के निष्पादन से संबंधित दिनांक 10.06.2025 को संपन्न विभागीय निविदा समिति की कार्रवाई की प्रति आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए निदेश दिया जाता है कि आवंटित कार्यों के त्वरित कार्यान्वयन हेतु सफल निविदाकार को 24 घंटे के अंदर कार्यादेश निर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही एकरारनामा की विवरणी MIS पर Upload कराना भी सुनिश्चित किया जाय। इस प्रगति से भी अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा में निर्दिष्ट कार्य का पूरा किया जाना अनिवार्य है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर)
(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक :–मु०अ०(नि०)राज्य योजना(नाबार्ड)–35/2025-2922 पटना, दिनांकः–13/06/2025

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, सीतामढ़ी/कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सम्प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

SATHI ELECTRIC CONSTRUCTION
Proprietor

EXECUTIVE ENGINEER
R.W.D. WORKS DIVISION
SHEOHAR

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

**दिनांक 10/06/25 को विभागीय अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता में संपन्न निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:–**

उपस्थिति :–

श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग। — अध्यक्ष

श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग। — सदस्य

श्री किशोर कुमार, मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग, दरभंगा प्रक्षेत्र। — सदस्य

श्री आमीर नैय्यर, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग। — सदस्य

2. बैठक में राज्य योजना नाबार्ड अन्तर्गत शिवहर जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, शिवहर के अधीन "Construction of Approach Road of Sheohar Engineering Collage" योजनान्तर्गत (Tender ID-139012), के लिए e-tendring के माध्यम से दिनांक 20.03.2025 को प्राप्त की गयी प्राप्त ई–निविदा में भाग लेने वाले कुल 04 (चार) निविदाकारों से प्राप्त की गयी निविदा के तकनीकी बीड पर अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह– विशेष सचिव की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड समिति की दिनांक 27.05.2025 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही के आलोक में सभी 04 (चार) निविदाकार को सफल घोषित किया गया। तदोपरांत तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों में से **Sathi Electric Construction. (Bid ID-609153)** के वित्तीय बीड के प्रस्ताव पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिस पर सम्यक् विचारोपरांत निम्न तालिका के स्तम्भ–10 में अंकित राशि के लिए स्तम्भ–12 के अनुसार निम्नवत निर्णय लिया गया :–

| SL. No. | Division | Tender/ ReTender NIT No./ PR No. | Name of Package (Tender ID) | AA Amount (in Lac) | Bid Amount (in Lac.) | Total No. of Bidders/ No. of Bidders Qualified in Tech | Technically Qualified Bidders (Bid ID) | Quoted Rate (+) (-) (%) | Tender Award Amount in (In Rs.) | Tender Award Amount in Words | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Sheohar | Tender No.- RWD/ STATE SCHEME (NABARD) /HQ/ET/ 02/2024-25/ PR.No.19023 (RWD) 2024-25 | "Construction of Approach Road of Sheohar Engineering Collage" (Tender ID-139012) | 1080.893 | 1033.074 | 04/04 | Sathi Electric Construction. (Bid ID-609153) | (-) 3.90 | 99278371.54 | Nine Crore Ninty Two Lakh Seventy Eight Thousand Three Hundred Seventy One Rupees And Fifty Four Paisa Only. | (न्यूनतम दर) स्वीकृत |
| 2 | | | | | | | Uma Kant Singh. (Bid ID-609197) | (-) 3.76 | | | |
| 3 | | | | | | | Ravindra Kumar Singh. (Bid ID-608607) | (-) 0.57 | | | |
| 4 | | | | | | | Arvind Singh. (Bid ID-608608) | 0.00 | | | |

3. बिहार सरकार, वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–एम–4–12/2015–7806/वि0, दिनांक 30.09.2016 के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत उपर्युक्त कंडिका–2 की तालिका के कॉलम–4 में अंकित योजना की निविदा को तालिका के कॉलम–8 में अंकित निविदाकार द्वारा तालिका के कॉलम–09 में उद्धत दर एवं Tender Award Amount तालिका के कॉलम–10 एवं 11 पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. स्वीकृत निविदा के कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता निम्न तथ्यों से संतुष्ट हो लेंगे।

(i) इस योजना पर सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन तथा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं परिमाण विपत्र अनुमोदित है। यदि परिमाण विपत्र की राशि मूल प्रशासनिक अनुमोदन की राशि से अधिक है, तो पुनरीक्षित प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाए।

(70)

(ii) SBD (ITB) की कंडिका–16 के आलोक में वांछित अग्रधन की राशि विहित प्रपत्र में है तथा उसकी वैद्यता है, का मिलान कर ही कार्य आवंटन आदेश निर्गत करेंगे।

(iii) परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परकमित दर, Bid Capacity आदि सही है। संवेदक के Bid Validity Period एवं वांछित Bid Capacity की राशि का मिलान कर ही कार्य आवंटन आदेश निर्गत करेंगे।

(iv) संवेदक Defaulter/काली सूची/कार्यो को लंबित रखने वाले संवेदकों की सूची में नहीं है।

(v) कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व चरित्र प्रमाण पत्र के संबंध में निर्गत विभागीय पत्रांक–14/अ०प्र० –03–21/2021–489 अनु० दिनांक 28.01.2021 के दिशा निर्देशो का अनिवार्य रूप से अक्षरशः अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

5. एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता निविदा में सभी अभिलेख की मूल प्रति से सत्यापित कर संतुष्ट हो लेगें।

6. संबंधित अधीक्षण अभियंता एकरारनामा, General Condition of Contract (GCC) की सभी कंडिकाओं के अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु साप्ताहिक अन्तराल पर कार्यो का भौतिक पर्यवेक्षण करेंगे।

7. संबंधित अधीक्षण अभियंता पर्यवेक्षण के उपरांत साप्ताहिक अन्तराल पर उपर्युक्त बिन्दुओं के संबंध में प्रतिवेदन अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी विचलन की स्थिति में एकरारनामा की शर्तो के आलोक में तत्काल कार्रवाई की विवरणी भी प्रतिवेदन में देंगे।

8. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA कार्यो की समीक्षा मासिक अन्तराल पर करेंगे, जिसमें संबंधित अधीक्षण अभियंता समेकित प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे।

9. निविदा निष्पादन के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर मुख्यालय को तुरंत सूचित किया जाए।

10. कार्य आवंटन आदेश में संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता एवं दूरभाष संख्या अवश्य अंकित किया जाए।

11. संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित करेंगे SBD के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में Earnest Money/Security Deposit/Performance Security के रूप में दिये गये Bank Guarantee/अन्य उपकरण बिहार में अवस्थित राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंकों/डाकघरों द्वारा ही निर्गत हो तथा संबंधित शाखा से सत्यापित किया गया हो।

12. संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग सफल निविदाकार को 24 घंटे के भीतर Letter of Acceptanee (LOA) निर्गत करते हुए इसकी प्रति संबंधित अधीक्षण अभियंता, संबंधित मुख्य अभियंता, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह–सचिव BRRDA एवं अभियंता प्रमुख को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10/6/25<br>(आमीर नैय्यर)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>ग्रामीण कार्य विभाग | 10/6/25<br>(किशोर कुमार)<br>मुख्य अभियंता–6<br>ग्रामीण कार्य विभाग<br>दरभंगा प्रक्षेत्र | (भगवत राम)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>ग्रामीण कार्य विभाग | 10/6/25<br>(दीपक कुमार सिंह)<br>अपर मुख्य सचिव<br>ग्रामीण कार्य विभाग |

SATHI ELECTRIC CONSTRUCTION
Proprietor

EXECUTIVE ENGINEER
R.W.D. WORKS DIVISION
SHEOHAR